राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 144/2024

बच्चे अच्छी पुस्तकें पढ़ने की आदत डालें –राज्यपाल

पटना, 25 जुलाई, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल, कैंट रोड, खगौल, पटना में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने छात्र–छात्राओं को अपने पाठ्यक्रम से बाहर की अच्छी पुस्तकें पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पुस्तकें हमारे मित्र और मार्गदर्शक हैं। उन्होंने उनसे लिखने की आदत डालने एवं समाचार पत्र पढ़ने को भी कहा।

उन्होंने बच्चों में मोबाईल आदि के अत्यधिक प्रयोग की आदत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके लिए काफी हद तक अभिभावक जिम्मेदार हैं। उन्हें अपने बच्चों को पुस्तक पढ़ने में प्रवृत्त करना चाहिए। इसके लिए घरों में बच्चों के लिए सद्साहित्य उपलब्ध होने चाहिए। पुस्तक एवं अखबार पढ़ने तथा लिखने की आदत बन जाने पर बच्चे मोबाईल आदि से स्वतः दूर होते जाएँगे। बच्चों का किताबों के साथ गहरा संबंध होना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि बच्चे सरल स्वभाव के होते हैं। शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे उन्हें पाठ्य पुस्तकों से भिन्न अच्छी पुस्तकों से परिचित कराएँ तथा उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करें। इससे उनका विशेष ज्ञानवर्द्धन होगा। उन्होंने पुस्तक पढ़ने का आह्वान करते हुए कहा–

''आओ पुस्तक पढ़ें,
पढ़े बिहार, बढ़े बिहार।''

राज्यपाल ने छात्र–छात्राओं को पुस्तकें भी वितरित की जो उनके चरित्र निर्माण व उत्कृष्ट जीवन गठन तथा उच्चादर्शों पर चलने एवं मानवीय मूल्यों को धारण करने में सहायक सिद्ध होंगी।

इस अवसर पर डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल, कैंट रोड, खगौल, पटना के प्राचार्य–सह–क्षेत्रीय पदाधिकारी श्री एस०के० झा, डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल, बी०एस०ई०बी० कॉलोनी, पटना के प्राचार्य श्री ए०सी० झा, शिक्षकगण, विद्यार्थीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....